हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 1 जनवरी 2026

04 क्रिकेट स्टेडियम व 100 रनिंग मीटर के...



09 'मतदाता सूची में नाम जुड़वाना जिम्मेदार...





## खबर संक्षेप

### नववर्ष पर आज होगा भजनसंध्या का आयोजन

**माखन नगर।** नव वर्ष के पहले दिन विकासखंड के ग्राम जमुनिया में प्रसिद्ध भजन मंडलों द्वारा गुरुवार रात्रि 8 बजे भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम का आयोजन समस्त ग्राम वासियों ने किया है कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रसिद्ध महावीर मंडल सोयत, मां वैष्णव मंडल सिंगोड़ी, भजन मंडल सर्रा लांजी, भजन मंडल हिरनासिर् श्याम मंडल नगतराखापा स्थानीय बालकृष्ण भजन मंडल खिड़िया द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

### आष्टा में मीडियाकर्मी से अभद्रता का किया विरोध

**नर्मदापुरम।** आष्टा में कवरेज के दौरान मीडिया कर्मी प्रमोद शर्मा और उनके कैमरामैन के साथ पुलिस द्वारा की गई बर्बर मारपीट और अभद्रता के विरोध में वॉइस ऑफ मीडिया पत्रकार संगठन के सदस्यों ने नर्मदापुरम में एकजुट होकर डीजीपी पुलिस मुख्यालय भोपाल के नाम ज्ञापन सौंपा और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख़्त कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन सौपने वालो में पीताम्बर जोशी, अतुल तिवारी, राहुल वशिष्ठ, आशुतोष सराठे, दुर्गेश राजपूत, दुर्गेश परमाल, ब्रजेन्द्र जाट, ललित मालवीय, रुद्र प्रताप सिंह चौहान, सुरेंद्र सिंह अरोरा, देवेंद्र वेश एवं राज घ्यारे शामिल हुए।

### पुलिस का ड्रिंक एंड ड्राइव के विरुद्ध अभियान जारी

**नर्मदापुरम।** पुलिस द्वारा नए साल के आगमन के पूर्व ही ड्रिंक एंड ड्राइव वाले चालकों के विरुद्ध अभियान जारी कर दिया है इस अभियान में पूरे जिले भर में चेकिंग के दौरान 24 चालक नशे में पाए गए जिनके वाहन जप्त किए गए हैं और न्यायालय में इनके विरुद्ध चालान पेश करने की तैयारी की जा रही है। इस चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस द्वारा 65 वाहनों का चालान किया जा कर जुर्माना 20900 रुपए वसूल किया गया है। साथ ही पुलिस ने सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन नं जारी किया है।

# दिवंगत अनमोल के माता-पिता ने लिया था युवा बेटे के अंगों के दान का फैसला

अमित बिल्लौरे, सोहागपुर



सोहागपुर के होनहार युवा व क्रिकेट के संभावित भविष्य अनमोल जैन पुत्र अभिषेक जैन निवासी सोहागपुर का नवंबर 2022 में सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। जिसके बाद अनमोल के माता-पिता व अन्य परिजनों ने उसके अंगदान का निर्णय लिया था। जानकारी अनुसार अनमोल इस संसार से विदा लेते-लेते पांच लोगों को ज़िंदिगी दे गया था।

हरिभूमि प्रतिनिधि ने मामले में अनमोल के पिता एवं सोहागपुर जैन समाज अध्यक्ष अभिषेक जैन से चर्चा की। जैन दुखी नज़र आए, लेकिन कहीं अधिक गर्वित भाव से अभिषेक जैन ने बताया कि 17 नवंबर 2022 को 23 वर्षीय अनमोल की भोपाल में सड़क दुर्घटना हुई थी।

जिसके बाद उसे भोपाल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां सभी प्रयासों के बाद भी 26 नवंबर 2022 को ब्रेन डेड घोषित किया गया तथा 28 नवंबर 2022 को उसके देहावसान की घोषणा चिकित्सकों ने की थी। जिसके बाद 'जियो और जीने दो' के सूत्र को सर्वोच्च भाव पर रखते हुए परिजनों ने अपने जिगर के टुकड़े 30 वर्षीय अनमोल के अंगों के दान का फैसला लिया था।

### किये ये अंग दान

अंगदानी अनमोल के सभी जरूरी अंग माता-पिता व परिजनों के द्वारा दान किए गए थे। अभिषेक जैन ने बताया कि दान किए गए अंगों में दोनों किडनी, लीवर, हदय, दोनों आंखें तथा त्वचा दान किये गए थे। अभिषेक जैन ने बताया कि अनमोल भोपाल में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहा था।

सेंट पेट्रिक्स स्कूल में कक्षा 12 वीं तक शिक्षा दौरान अनमोल शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता में नेशनल तक खेला था। वह नर्मदापुरम की अंदर 20 क्रिकेट टीम का भी है सदस्य था।

खास खबर

### यहां भेजे थे अंग

अभिषेक जैन ने बताया कि पुत्र के देहांत के बाद उन्होंने पत्नी देशना जैन से चर्चा की तथा माता-पिता ने चर्चा कर अंगदान का निर्णय लिया। अनमोल की एक-एक किडनी चिरायु अस्पताल भोपाल तथा बंसल अस्पताल भोपाल भेजी गई थी। लीवर इंदौर भेजा गया था। वहीं हदय अहमदाबाद गुजरात भेजा गया था। दोनों आंखें हमीदिया अस्पताल भोपाल भेजी गई थी। वहीं त्वचा भी हमीदिया अस्पताल भोपाल में भेजी गई थी। अनमोल दो लोगों को नेत्र ज्योति देकर गया। वहीं पांच अन्य लोगों को जिंदगी देकर गया था।

### अनमोल की स्मृति में बनना था पार्क

उल्लेखनीय है कि अनमोल की स्मृति में सोहागपुर जपं कार्यालय के समीप अनमोल पार्क बनाने का विचार जपं के जनप्रतिनिधियों ने किया था व घोषणा से मीडिया को भी अवगत कराया था। लेकिन अब तक अनमोल जैन की स्मृति में अंगदानी अनमोल पार्क नहीं बन सका है। नागरिकों का कहना है कि अनमोल पार्क बनाया जाना चाहिए। साथ ही जिस गली में अंगदानी अनमोल का परिवार निवासरत है, उस गली का नामकरण भी अंगदानी अनमोल के नाम पर रखा जाना चाहिये।

## 1 करोड़ 20 लाख की लागत से हो रहा भोपाल चौराहे का विकास कार्य

# सौगातः अब मां नर्मदा के दर्शन कर होगा नर्मदापुरम में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम शहर में प्रवेश अब मां नर्मदा के दर्शन कर होगा। दरअसल नगर पालिका भोपाल चौराहे को विकसित कर रही है यहां स्वागत द्वार बनाने के साथ ही चौराहे पर मां नर्मदा की प्रतिमा स्थापित की जा रही है और बड़ा त्रिशूल लगाया जाएगा।

चौराहे को जयपुर के लाल नक्काशीदार पत्थरों से संवारा जा रहा है। नगर पालिका करीब 1 करोड 20 लाख से उक्त निर्माण कार्य करा रही है। नए वर्ष में नर्मदा जयंती से पहले शहरवासियों को उक्त सौगात मिल जाएगी। जिसके बाद नर्मदापुरम पर्यटन के पटल पर ऊँची-ऊँचाईयों को छूएंगा। जिसका नमूना भोपाल चौराहे पर चल रहे विकास कार्य को देखकर लगाया जा सकता है।

जनवरी 2026 में नगर को सौगात मिलने वाली है। अब मां नर्मदा के दर्शन कर लोगों को नर्मदापुरम में प्रवेश मिलेगा। जिसकी तैयारियां जारी है।




### लाल नक्काशीदार पत्थरों से सज रहा भोपाल चौराहा

नर्मदापुरम का भोपाल चौराहा जसपुर से आए लाल नक्काशीदार पत्थरों से सज रहा है। इसके साथ ही अन्य निर्माण कार्य भी काफी तेजी से कराए जा रहे है। जयपुर से आए इन पत्थरों पर नक्काशी की कला प्राचीन कला है। खासकर राजस्थान में यह कला आज भी प्रचलित है। यह नक्काशीदार पत्थर देखने में सुंदरता के साथ ही आध्यात्म से जोड़ते है। भोपाल चौराहा सजकर तैयार होते ही इसका लोकापर्ण 25 जनवरी को किया जाएगा। नर्मदा जी की मूर्ती के साथ त्रिशूल, नक्काशीदार पत्थरों पर हर-हर नर्मदे भी लिखा होगा। इसके साथ ही एनएमव्ही चौराहे के पास चौक चौराहों का चौड़ीकरण किया जा रहा है।

### 1 करोड़ 20 लाख की लागत से हो रहा विकास कार्य

नर्मदापुरम के भोपाल चौराहे को अब स्वागत द्वार की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है इसकी लागत करीब 1 करोड़ 20 रूपए हैं। इस संबंध में नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव का कहना है कि भोपाल चौराहे पर विकास कार्य 1 करोड़ 20 लाख की लागत से हो रहा है। जिसका लोकार्पण 25 जनवरी को होगा।

### मीनाक्षी चौक का होगा सौंदर्यीकरण

नर्मदा नगरी में चौक-चौराहों की हालत भी सुधरने वाली है। जिसका खाका तैयार है। भोपाल चौहारे सहित एनएमव्ही चौक के पास से बुधवार को सड़क किनारे लगे वर्षों प्लेक्सों को हटाया गया। वहीं मीनाक्षी चौक की सड़क भी चौड़ी की गई है। इसके अलावा यहां अन्य विकास के कार्य किए जाने है। यानी वर्ष 2026 में नर्मदापुरम भव्य और सुंदर चौक-चौराहों से सुसज्जित होगा।

# व्यवस्थाः सड़कों से हटाए जा रहे फल और सब्जी के ठेले



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर की सड़कों को अवरूद्ध कर व्यवसाय कर रहे लोगों पर प्रतिदिन कार्रवाई की जा रही है। फल एवं सब्जी के ठेले वालों को प्रतिदिन उनके निर्धारित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। नगर में लगे अवैध होर्डिंग भी हटाए जा रहे हैं।

अतिक्रमण दल सहप्रभारी सुनील राजपूत ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर अतिक्रमण दस्ता द्वारा प्रतिदिन कार्रवाई की जा रही है। नगर में चहुंओर अतिक्रमण दल द्वारा कार्रवाई कर फल एवं सब्जी के ठेले वालों को निर्धारित स्थान पर पहुंचाया जा रहा है। साथ ही हिदायत दी जा रही है कि नगर की सड़कों को अवरूद्ध कर व्यवसाय न करें। श्री राजपूत ने बताया कि इसके साथ ही एनएमवी कालेज के सामने लगे अवैध होर्डिंग को भी हटाया गया है।

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने नगर के फल सब्जी विक्रेताओं से अपील की है कि वे नगर की सड़कों को किसी भी प्रकार से अवरूद्ध न करें। अपना व्यवसाय निर्धारित स्थान पर ही करें। अन्यथा नपा के अतिक्रमण दस्ता द्वारा जब्ती और जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

### संयुक्त कलेक्टर ने किया लोक सेवा केंद्र का निरीक्षण

**नर्मदापुरम।** बुधवार को संयुक्त कलेक्टर बृजेन्द्र रावत द्वारा लोक सेवा केंद्र सिवनी मालवा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला प्रबंधक लोक सेवा आनंद झेरवार, द्वारा लोक सेवा केंद्र में प्राप्त आवेदनों के आवेदनों की समीक्षा संयुक्त कलेक्टर के समक्ष करवाई गई। सेवा वार प्राप्त आवेदनों को संबंधित कार्यालयों में प्रदाय हेतु सेवावार रजिस्टरों की जांच की गई। प्रत्येक आवेदन की पावती अनिवार्य रूप से आवेदक को प्रदान करने के निर्देश दिए गए।

# पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन का अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिला शाखा के आव्हान पर बुधवार को पीपल चौक कोठी बाजार में जिले भर के पेंशनरों ने एकत्रित होकर अपनी मांगों के समर्थन में धरना प्रदर्शन कर सभा की । प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर प्रतिनिधि को सौंपा। प्रदर्शन की अध्यक्षता शिक्षाविद वरिष्ठ पेंशनर पं गोपाल प्रसाद खड्डर ने की । वक्ताओं ने सरकार पर पेंशनरों की उपेक्षा का आरोप लगाया। संबोधित मांगों में प्रमुख रूप से 1 जनवरी 2026 से आँठवे वेतनमान दिये जाने की गारंटी, सातवें वेतनमान की अनुशंसा अनुसार मूल वेतन व मूल पेंशन में 50 प्रतिशत महँगाई भत्ता व राहत का समायोजन, आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों में पेंशनरों को शामिल करना आदि प्रमुख रही। जिलाध्यक्ष दिनेश चतुर्वेदी को सेवानिवृत्ति दिनांक 31 दिसंबर 2025 पर शाल , श्रीफल व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

नव वर्ष के शुभागमन व जिला अध्यक्ष दिनेश चतुर्वेदी के सम्मान में माँ नर्मदा को 51 किलो मिष्ठान का प्रसाद चढ़ाकर वितरित किया गया।

अंत में आभार तहसील अध्यक्ष जेपी सोनी ने किया। संचालन चन्द्र शेखर शर्मा ने किया। प्रमुख रूप से शैलेन्द्र श्रीवास्तव,के एस राजपूत, राजेन्द्र गुप्ता,पन बाबू, अनीता दुबे, विनोद दुबे, मुकेश तिवारी, राजकुमारी अरोरा, शकुंतला आचार्य, हंसा कपूर, मालती कौशिक सहित बड़ी संख्या में पेंशनर शामिल रहे।

# कंचन नगर से निकाली विशाल चुनरी यात्रा, नर्मदा पूजा की



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के रसूलिया क्षेत्र के कंचन नगर से विशाल चुनरी यात्रा निकाली गई । चुनरी यात्रा शहर के प्रमुख मार्ग होते हुए सेठानी घाट पहुंची । यहां मां नर्मदा को चुनरी चढ़ाई गई। जगह-जगह यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर नगर के कई गणमान्य नागरिक शामिल हुए। नर्मदा घाट पर विधि विधान से मां नर्मदा की पूजा अर्चना विद्वान पंडित द्वारा कराई गई । तत्पश्चात नर्मदा जी को चुनरी चढ़ाई गई।इसके पश्चात भंडारा एवं प्रसादी का वितरण किया गया। इस मौके पर श्रीमती मनोरमा , गणेश प्रसाद गौर सहित अनेक श्रद्धालु शामिल हुए।

# एसपी ने किया पुलिस लाइन नर्मदापुरम का वार्षिक निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बुधवार को पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा द्वारा पुलिस लाईन नर्मदापुरम का वार्षिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा विभिन्न शाखाओं की कार्यप्रणाली का गहन परीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण के दौरान पुलिस लाईन नर्मदापुरम स्थित आर्म्स शाखा, स्टोर शाखा, बीडीडीएस टीम, एमटी शाखा, पुलिस कैंटीन, दिशा लर्निंग सेंटर एवं जिम का विशेष रूप से निरीक्षण किया गया।

उन्होंने सभी शाखाओं से संबंधित रजिस्टरों, उपकरणों, वाहनों एवं संसाधनों की स्थिति की समीक्षा की तथा इनके समुचित रख-रखाव और बेहतर उपयोग हेतु आवश्यक निर्देश देते हुए निरीक्षण के दौरान कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों की सराहना की तथा दिशा लर्निंग सेंटर, जिम और पुलिस कैंटीन में आधुनिक, स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण



बनाए रखने के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को कानून-व्यवस्था सुदृढ बनाए रखने, जनहित में निष्ठापूर्वक कार्य करने तथा अपने कर्तव्यों के निर्वहन में सजगता, पारदर्शिता और अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक स्नेहा चंदेल, सूबेदार सूरज जमरा, सूबेदार ईशान रिछारिया सहित पुलिस लाईन नर्मदापुरम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कोई राशि नहीं मिली है तो किस मुंह से वार्ड में पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

वर्ष 2022 मे चुनाव में मतदाताओं ने सरपंच, जनपद पंचायत के सदस्यों पर तथा जिला पंचायत सदस्य पर अपना विश्वास जताते हुए मतदान कर उन्हें चुनाव में जीत हासिल कराईं थी। बावजूद इसके जनप्रतिनिधियों की रूचि जनता के कार्यों से हट गई है। मामला पिपरिया का है जहां जनपद सदस्यों को जो राशि अपने वार्ड में विकास कार्यों के लिए वितरण किया गया था।

जिसमें सूत्रों के अनुसार लगभग 45लाख रुपए खर्च करने के लिए दिया गया था। जिसमें नाली केलिए 2लाख सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10लाख तथा अन्य कार्य के लिए राशि आपसी सहमति से वितरण किया गया था। लेकिन अभी भी कुछ जनपद सदस्य को राशि नहीं मिली है। दूसरी तरफ आशु पुरोहित, हेमलता मेहरा,जमना रघुवंशी, सहित अन्य ने बताया कि उन्हें अभी तक कोई राशि नहीं मिली है। तो किस मुंह से वार्ड में पहुंचे कैसे कार्य पूरा कराया जावेगा।

पचलावरा जनपद पंचायत सदस्य शिवानी पटेल ने बताया कि भवन की नींव रखी गई है। अध्यक्ष संध्या सिंगारे ने बताया 4 लाख रुपए 4 सदस्यो को दिया गया था उसके बाद छत तक पहुंचने पर 6लाख रुपए दिए जाएंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रबल अरजरिया ने बताया कि उन्हें अभी तक और कोई राशि नहीं मिली है। सरकार से जो अन्य सदस्यों को भी दी जा सके।

वहीं जनपद सदस्य कमला हीरालाल रघुवंशी अभी सामुदायिक भवन की नींव रखी गई है। विद्याबाई सीताराम पटेल, रंजीत सिंह ने बताया जो राशि मिली है उसके काम चल रहें हैं लगभग भवन पूर्णता की ओर है।

## रैन बसेरों में रुकने की व्यवस्था भी मुफ्त

# कड़कड़ाती ठंड में नपा के अलाव बने सहारा परिक्रमावासी और सैलानी बच रहे सर्दी से

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका द्वारा नगर के नागरिकों और श्रद्धालुओं के लिए जलाए गए अलाव इस कड़कड़ाती ठंड में सहारा बने हुए हैं। प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में आ रहे परिक्रमावासी और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए नपा के कर्मचारी लगातार जगह जगह अलाव जला रहे हैं।

परिक्रमावसियों के लिए सेठानीघाट और बस स्टेंड पर सर्वसुविधायुक्त रैन बसेरों में भी समुचित व्यवस्था की गई है। प्रभारी अधिकारी उपयंत्री रीना गुप्ता ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव और मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नगर में विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाए जा रहे हैं।



जिनमें प्रमुख रूप से सेठानीघाट, कोरीघाट, विवेकानंद घाट, बस स्टेंड, सतरस्ता, अस्पताल में दो स्थानों पर अलाव जलाए रहे हैं। नपा के सुनील राठौर ने बताया कि अलाव वाले स्थानों पर नपाध्यक्ष और सीएमओ के निर्देश पर प्रतिदिन लकड़ियों की व्यवस्था की जा रही है। नपाध्यक्ष और सीएमओ ने नगर में आने वाले समस्त परिक्रमावासियों और श्रद्धालुगणों से आग्रह किया है कि आपके लिए सेठानीघाट और बस स्टेंड पर सर्वसुविधायुक्त रेन बसेरों में रुकने की निःशुल्क व्यवस्था है, उसमें रुके। स्थानीय चौक चौराहों जहां भीड़ अधिक रहती है उन स्थानों पर अलाव जलाए जा रहे हैं।

### वैश्य महासम्मेलन के कैलेंडर का विमोचन हुआ



**माखन नगर।** बुधवार को वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश की माखन नगर तहसील इकाई द्वारा नववर्ष 2026 के कैलेंडर का विमोचन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कैलेंडर विमोचन के अवसर पर वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश के संभाग अध्यक्ष अजीत सेठी ,तहसील अध्यक्ष जगदीश माहेश्वरी सहित विजय जैन,सुरेश अग्रवाल,सुनील अग्रवाल,सौजन्य पाटनी, संजय अग्रवाल,कायाकल्प डेरिया,अंशुल डेरिया,अरविंद महेश्वरी,राजेश टावरी,दीपक वर्मा,स्वदेश मालवीय,मुकेश मालवीय,अजीत गोलछा,रत्नेश सोनी,अशोक सोनी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई।

### 8 दिन से लापता चंदन का अधजला शव बुदनी के जंगलों से बरामद, पुलिस कर रही मामले की जांच

**माखन नगर।** ठाकुर मोहल्ला निवासी रेखा ने अपने 20 वर्षीय भाई चंदन नागवंशी निवासी जावली की 24 दिसंबर को गुम होने की रिपोर्ट माखन नगर थाने में दर्ज कराई थी। टीआई अनूप उइके ने बताया रेखा बाई की सूचना पर चंदन का गुम इंसान कायम कर उसकी तलाश की जा रही थी गांव के ही लोगों से पूछताछ की जा रही थी और मोबाइल लोकेशन से भी पता लगाया जा रहा था। लोकेशन बुधनी के जंगल की आ रही थी। पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया था और कड़ी पूछताछ की चंदन का शव बुधनी के जंगल में बुरी तरीके से जला हुआ मिला हत्यारो ने पहले चंदन की हत्या की फिर पहचान छिपाने के लिए बुधनी के जंगल में जला दिया पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए बुधनी पहुंचाया है सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार हत्यारे पुलिस की गिरफ्त में है पुलिस जल्द ही हत्या और हत्या के कारण का खुलासा करेगी।

ऐजेन्सी देना है। हरिभूमि
नर्मदापुरम् जिले में एजेन्सी देना है।
बनखेड़ी, पिपरिया, आंचलखेड़ा, डोलरिया, सिवली मालवा, केसला, ब्यावरा, तवा रिसर्व
पता :- हरिभूमि कार्यालय 4 फ्लोर, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल
मो.: 8770833858, 9827743042

## खबर संक्षेप



### संकुल स्तर पर बच्चों ने लगाई प्रदर्शनी रही आकर्षण का केन्द्र

**शाहपुर।** विकासखंड के अंतर्गत आने वाली कुंडी संकुल में एकीकृत हाई स्कूल कुंडी के माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राओं द्वारा मॉडल की प्रदर्शनी लगाई गई। विद्यार्थियों ने अलग-अलग विधाओं में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। माध्यमिक शाला पतौवापुरा से सभी विधाओं में भाग लेने के लिए बच्चे हाई स्कूल कुंडी पहुंचे। कुंडी संकुल की प्रभारी प्राचार्य कौशल्या पाटनकर ने बताया कि यहां विज्ञान प्रदर्शनी, गणित, भूगोल, नागरिक शास्त्र, पर्यावरण को लेकर बच्चों के द्वारा प्रस्तुति दी गई। अपने-अपने मॉडल विज्ञान प्रदर्शनी में पूरा विवरण देते हुए प्रदर्शित किये। नाटक कला, नाटक, भाषण आदि विधाओं में भी सहभागिता दर्ज की। कार्यक्रम में संकुल कुंडी से सीएसी दीपना जगताप उपस्थित रही। उन्होंने बच्चों की प्रदर्शन की सराहना की। यहां पर एफएलएन मेले का आयोजन भी किया गया। जिसमें हाई स्कूल कुंडी के प्राथमिक स्तर के बच्चों ने भाग लिया। प्रदर्शनी में चयनित बच्चे विकासखंड स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

### वेस्टेज से भी तैयार की जा सकती हैं कई उपयोगी वस्तुएंः नेहा गर्ग

**बैतूल।** श्री अग्रसेन महाराज विद्यालय गंज बैतूल में मातृशक्ति के सम्मान में बेस्ट मॉम ग्लो सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन राजस्थानी थीम पर किया गया। इस अवसर पर पूरे विद्यालय परिसर को राजस्थानी संस्कृति के रंगों से सजाया गया, जिससे कार्यक्रम पूरी तरह पारंपरिक और सांस्कृतिक वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अग्रसेन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर अनिल राठौर, डॉ. ओ.पी. राठौर, डॉ. रिशांक राठौर, बैतूल की पहली महिला ब्रांड एंबेसडर नेहा गर्ग, बैतूल की पहली महिला पत्रकार एवं वरिष्ठ समाजसेवी गौरी बालापुरे पदम, नीता वराठे, एवं माला राठौर की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।

### 2025 में मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन, उम्मीद- 2026 में खेल, सिंचाई व रोजगार के अवसर

# क्रिकेट स्टेडियम व 100 रनिंग मीटर के पांच लेन वाला एथलेटिक ट्रैक बनेगा

संजय द्विवेदी ⏭ बैतूल



वर्ष 2025 जिले को काफी कुछ दे गया, लेकिन कई उम्मीदें अब भी जिले के लोगों को वर्ष 2026 से लगी हुई है। जिले के लोग, जो आशाएं लगाए हैं वो इस साल पूरी हो जाएगी। इसमें सबसे ज्यादा उम्मीदें शहर के विकास, रोजगार को लेकर जुड़ी हुई है। कई ऐसी उम्मीदें है, जिनकी घोषणाएं हुई, लेकिन काम शुरू नहीं हो पाया। वर्ष 2026 में ऐसे कामों की नींव रखे जाने की उम्मीद लोगों ने लगा रखी है, हालांकि सरकार ने वर्ष 2025 में जिले को कई तोहफे दिए हैं, सबसे बड़ा तोहफा जिला मुख्यालय पर मेडिकल कॉलेज की सौगात है। अब तक विद्यार्थियों को मेडिकल की पढ़ाई के लिए बड़े शहरों में जाना पड़ता था, लेकिन कुछ सालों के बाद बैतूल के विद्यार्थी यहां रहकर ही मेडिकल की भी पढ़ाई कर पायेगे। इससे परिजनों का आर्थिक भार कम होगा। इसके अलावा जिला अब धीरे-धीरे उद्योग और रोजगार की ओर भी बढ़ रहा है। यहां स्थानीय इंवेस्टरों के अलावा बाहरी इन्वेस्टर भी उद्योग स्थापित करने के लिए रुचि दिखा रहे है। वर्ष 2026 में कई ऐसी चीजें होंगी जो शहर की पहचान बनेंगी और यह राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक क्षेत्रों का स्वरूप बदलेगा। जिलेवासियों को उम्मीद है कि नये साल 2026 में नई उम्मीदें होंगी और होगा विकास और रोजगार का नया विकल्प

### 2025 में जिलेवासियों को मिला यह

(1) **स्वास्थ्यः** वर्ष 2025 बीत गया, लेकिन 2025 ने जिलेवासियो को कई तोहफे दिये। स्वास्थ्य के क्षेत्र में जिले के कई ब्लाकों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उन्नयन की सौगात मिली, तो वहीं जिला अस्पताल में क्रिटिकल यूनिट बनकर तैयार हुई। सबसे बड़ी सौगात जिले के लिए मेडिकल कॉलेज है। मेडिकल कॉलेज बनने बनने के बाद जिला स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक सशक्त जिला बन जायेगा।

(2) **कृषि :** जिले की कई मध्यम और लुघु जल परियोजनाएं वर्ष 2025 में पूर्ण हो चुकी है। हालांकि इन परियोजनाओं का फिलहाल सिंचाई के लिए उपयोग नहीं किया जा सका, लेकिन आने वाले सालों में इन जल परियोजनाओं से हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई की सुविधा मिलेगी और उत्पादन क्षमता बढ़ेगी। साथ ही परियोजनाओं आसपास के क्षेत्र में भूजल स्तर में भी सुधार आयेगा।

(3) **उद्योग :** जिला अब धीरे-धीरे उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में भी आगे बढ़ता जा रहा है। वर्ष 2025 की बात करे तो यहां मोही औद्योगिक क्षेत्र के लिए 27 में से 24 भूखंड आवंटित किये जा चुके है। इन उद्योगों से निर्माण और शुरू होने पर करीब 750 से एक हजार युवाओं को रोजगार का अवसर मिलेगा। सबसे बड़ी बात यह है कि जिले में अब बाहरी इंवेस्टर भी उद्योग के लिए रूचि दिखाने लगे है।

(4) **परिवहन (सडक़) :** बैतूल जिला अब परिवहन के क्षेत्र में भी अग्रसर होता जा रहा है। पहले नागपुर-भोपाल हाइवे था, लेकिन अब बैतूल-इंदौर हाइवे भी शुरू हो चुका है। जिससे लोग इंदौर जैसे बड़े शहरों में बाय रोड से आ-जा सकते है। इसके अलावा बैतूल शहर और जिले के गांव-गांव सडक़ों से जुड़ रहे है। सडक़े बनने से लोगों का आवागमन सुगम हो रहा है। कई सडक़ों का भूमिपूजन 2025 में हुआ है।

### वर्ष 2026 में जिलेवासियों को मिलेगा यह

(1) **खेल :** आदिवासी बाहुल्य बैतूल जिले की खेल प्रतिभाओं को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने बड़ी सौगात दी है। श्री खंडेलवाल के प्रयासों से जिला मुख्यालय बैतूल में मुख्यमंत्री विशेष निधि से लगभग 5 करोड रुपए की लागत से राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम एवं 100 रनिंग मीटर के पांच लेन वाला सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक स्वीकृत हुआ है। क्रिकेट स्टेडियम एवं एथलेटिक ट्रेक निर्माण के लिए नगरपालिका बैतूल द्वारा टेंडर भी जारी किए जा चुके हैं। इनका निर्माण होने के बाद बैतूल जिले की खेल प्रतिभाओं को जिला मुख्यालय पर ही राष्ट्रीय स्तर की क्रिकेट एवं एथलेटिक खेलों के प्रशिक्षण की सुविधा मिलने के साथ ही बैतूल में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन भी होगा।

(2) **सिंचाई :** जिले के किसानों के लिए वर्ष 2026 सिंचाई के लिहाज से महत्वपूर्ण होने वाला है। जल संसाधन विभाग द्वारा निर्माणाधीन और पूर्ण हो चुकी मध्यम एवं लघु परियोजनाओं के माध्यम से जिले में सिंचाई सुविधा का दायरा तेजी से बढ़ाया जा रहा है। घोघरी और वर्धा मध्यम परियोजना के साथ-साथ सावन्याकोल, पाथाखेड़ा नघु जलाशय तथा तिरमहु और कोंढरखापा बैराज से किसानों को भरपूर सिंचाई जल उपलब्ध कराया जायेगा। विभाग द्वारा वर्ष 2026-27 में इन परियोजनाओं को पूरी क्षमता के साथ शुरू करने की तैयारी है। इन जल परियोजनाओं से हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई की सुविधा मिलेगी और उत्पादन क्षमता बढ़ेगी। किसान फसलों का अच्छा उत्पादन लेकर आर्थिक रूप से मजबूत बन सकेगे।

**रोजगार :** मुख्यमंत्री ने मेडिकल कॉलेज के भूमिपूजन पर जिले को कई सौगात दी। आदिवासी संग्रहालय, गुड क्लस्टर, वुडन क्लस्टर, कोसमी और मोही औद्योगिक क्षेत्र का विस्तार करने की ऐलान किया था। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद विभागों ने काम शुरू कर दिया है। जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र के असिस्टेंट मैनेजर प्रवीण खवसी ने बताया कि मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार गुड क्लस्टर, वुडन क्लस्टर का प्रोजेक्ट बनाकर तैयार कर लिया है। स्वीकृति मिलते ही इन प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो जायेगा। इसके अलावा मोही में 8 हेक्टेयर भूमि पर 50 भूखंडों का ले आउट तैयार किया जा रहा है। जिससे करीब मोही में ही 750 से एक हजार लोगों को रोजगार मिल पायेगा। वहीं कोसमी फेस -टू में भी उद्योग लगने से लोगों को रोजगार मिलेगा।

### कॉलेज में मनाया अटल स्मृति सुशासन दिवस

## छात्र-छात्राओं ने किया अटल जी की कविताओं का पाठ



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

अटल स्मृति वर्ष के अंतर्गत वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सरदार विष्णु सिंह शासकीय महाविद्यालय में अटल स्मृति सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भाषण,काव्यपाठ,निबंध सहित कई प्रतियोगिताएं सम्पन्न हुई। छात्र छात्राओं ने अटल बिहारी वाजपेयी जी द्वारा रचित कविताओं का सस्वर पाठ किया। आओ फिर से दिया जलाएं, गीत नया गाता हूँ। छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता, जैसी कविताओं ने दिल को छू लिया। छात्रों ने पोखरण परमाणु परीक्षण सहित अटल जी की उपलब्धियों पर शानदार भाषण दिया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो भेंट कर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष कमलेश सिंह ने कहा कि अटल जी भारत माता के सच्चे सपूत थे।

## एमपी कृषि पोर्टल से किसान ऑनलाइन बुक कर सकेंगे खाद का ई-टोकन

**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देश पर किसान कल्याण तथा कृषि विकास बैतूल कार्यालय द्वारा बुधवार को विभिन्न अधिकारियों तथा उर्वरक विक्रेताओं को ई-विकास प्रणाली के अंतर्गत ई-टोकन से खाद लेने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। किसान कल्याण तथा कृषि विकास उप संचालक ने बताया कि 1 जनवरी 2026 से किसानों की सुविधा के लिए ई-टोकन सिस्टम शुरू हो रहा है। इसमें किसान घर बैठे एमपी कृषि पोर्टल के जरिए ऑनलाइन ई-टोकन जनरेट कर सकेंगे। किसान के मोबाइल पर ई-टोकन जारी होगा। इसे दिखाकर किसान तीन दिन के अंदर संबंधित समिति, एमपी एग्रो, डीएमओ केंद्र और प्राइवेट केंद्र पर जाकर खाद उठा सकेंगे। अगर किसी किसान ने 3 दिन के अंदर खाद नहीं उठाई तो टोकन कैंसिल हो जाएगा। ऐसे में किसान को तीन दिन बाद दोबारा यह टोकन जनरेट करना होगा। नई प्रक्रिया के लिए विभाग के द्वारा डाटा अपडेट किया जा रहा है। सब कुछ ऑनलाइन होने से किस-किस को कितना खाद दिया गया और कितना केंद्र या दुकान के स्टॉक में बचा है इसकी जानकारी किसान, विक्रेता और अधिकारी को दिखेगी। इससे उचित मूल्य पर खाद किसानों को अपने नजदीकी उर्वरक विक्रय केन्द्र पर बिना लाईन में लगें मिलना संभव होगा। उप संचालक ने बताया कि ई-विकास प्रणाली के अंतर्गत किसान पोर्टल पर जाकर अपने आधार कार्ड के माध्यम से पंजीयन करवा सकेगें। ओटीपी सत्यापन के बाद एग्री स्टैक से प्राप्त भू-अभिलेख से जानकारी लेकर आधार और मोबाईल नंबर का सत्यापन करना होगा। इसकी पुष्टि करते ही दुकान या संस्था को चुनकर जनरेट विकल्प दबाना होगा ऐसा करते ही ई-टोकन मिल जाएगा। किसान अपनी फार्मर आईडी में अपना पूर्ण रकबा अवश्य संबंधित पटवारी से चर्चा कर दर्ज करवा ले, जिससे खाद मिलने मे किसी भी प्रकार की समस्या न हो।

बैतूल में काम से हटाने पर नाराज थी महिला

## सरकारी कार्यालय में पेट्रोल डालकर आत्महत्या का प्रयास



**बैतूल।** सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग कार्यालय में बुधवार को उस समय हडक़ंप मच गया, जब एक अंशकालीन महिला कर्मचारी ने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने का प्रयास किया। महिला काम से हटाए जाने को लेकर नाराज थी और सहायक आयुक्त से मिलने कार्यालय पहुंची थी। चंपा वट्टी नामक महिला छात्रावास में रसोइया के रूप में अंशकालीन कार्यरत थी। वह अपनी सेवाएं समाप्त किए जाने की शिकायत लेकर सहायक आयुक्त (एसी ट्राइबल) विवेक पांडे से चर्चा कर रही थी। इसी दौरान महिला ने अपने साथ लाई बोतल से खुद पर पेट्रोल डाल लिया और माचिस मांगने लगी। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने तुरंत हस्तक्षेप कर स्थिति को संभाला और महिला को आग लगाने से रोक लिया। इसके बाद सहायक आयुक्त विवेक पांडे ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत सामान्य है। घटना के समय महिला के साथ अन्य अंशकालीन रसोइए भी मौजूद थीं। उन्होंने बताया कि वे पिछले 15 से 20 वर्षों से छात्रावासों में काम कर रही हैं, लेकिन हाल में बिना पूर्व सूचना के हटाए जाने की स्थिति बन गई है। रसोइयों ने चेतावनी दी कि यदि सेवाएं बहाल नहीं की गईं तो वे भी ऐसा कदम उठाने को मजबूर होंगी। सहायक आयुक्त विवेक पांडे ने स्पष्ट किया कि किसी भी कर्मचारी को हटाने का कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि हालिया समीक्षा में यह सामने आया है कि कई छात्रावासों में स्वीकृत पदों से अधिक कर्मचारी बिना नियुक्ति आदेश के रखे गए हैं। ऐसे कर्मचारियों के वेतन भुगतान पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, इसी निर्णय के विरोध में अंशकालीन कर्मचारी पिछले कुछ दिनों से ज्ञापन सौंप रहे हैं। मामले को लेकर प्रशासनिक स्तर पर स्थिति की समीक्षा की जा रही है।

## शिक्षक के सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ शाहपुर

एकीकृत माध्यमिक विद्यालय गुरगुंदा में पदस्थ सहायक शिक्षक अशोक राने अपनी अर्धवार्षिकी आयु पूर्णकर सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर शाला परिवार एवं ग्रामीण जनों द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी शाहपुर गुलाब राव बर्डे, विकासखण्ड सोत समन्वयक शाहपुर राधेलाल भादे, भौरा से जनप्रतिनिधि श्री खंडेलवाल, संकुल प्राचार्य कटारे, जनशिक्षक भौरा आनंद दुबे, अनुराग पांडे कुण्ड़ी संकुल से जनशिक्षक दीपना जगताप, संकुल प्राचार्य कुंडी कौशल्या पाटनकर मौजूद रहे। शाला परिवार से संध्या इवने, चंद्रशेखर पांसे शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजेन्द्र धुर्वे व अन्य शाला से आए शिक्षक, ग्रामीण जनों, शालेय कक्षा 1 से 8वीं के छात्र छात्राओं द्वारा शिक्षक अशोक राने व उनके परिवार से आए सभी सदस्यों का फूलमालाओं व शॉल श्रीफल भेंटकर स्वागत किया। राने परिवार के द्वारा प्राथमिक विद्यालय के सभी छात्रों को ऊनी स्वेटर व माध्यमिक विद्यालय के सभी छात्रों को पानी की बाटल भी प्रदान की गई। शिक्षक अशोक राने का शिक्षकीय पद निर्विवाद 39 साल शासकीय सेवा में रहते हुए सेवानिवृत्त हुए। मंच संचालन राजेन्द्र कुमार मालवीय शिक्षकों समग़ शिक्षक संघ अध्यक्ष व राज्य कर्मचारी संघ समन्वयक शाहपुर द्वारा किया गया।

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की रेस्क्यू टीम फिलहाल अन्य ऑपरेशन में, लौटने पर तेज होंगे प्रयास

## एक माह से तेंदुआ पकड़ से बाहर, भौंरा में दहशत बरकरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौंरा



नगर के आसपास पिछले एक माह से तेंदुए की मौजूदगी से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। रहवासी इलाकों और मुख्य सडक़ों के आसपास तेंदुए की आवाजाही के बीच अब तक उसे पकडऩे में वन विभाग को सफलता नहीं मिल सकी है। हाल ही में माता मोहल्ला के करीब स्थित रहवासी क्षेत्र में गाय का शिकार होने के बाद स्थिति और गंभीर हो गई है। वन विभाग ने तेंदुए को पकडऩे के लिए क्षेत्र में चार पिंजरे लगाए हैं। पिंजरों में चारे के साथ कैमरे भी लगाए गए हैं, ताकि उसकी गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। कैमरा ट्रैप में तेंदुआ कई बार पिंजरों के आसपास घूमता दिखाई दिया है, लेकिन हर बार भीतर जाने से बच निकल रहा है। नई तकनीक से तैयार पिंजरा भी लगाया गया, पर वह भी अब तक कारगर साबित नहीं हो सका है। भौंरा परिक्षेत्र अधिकारी वीरेंद्र तिवारी ने बताया कि वर्तमान में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की रेस्क्यू टीम को किसी अन्य क्षेत्र में टाइगर रेस्क्यू के लिए हाथियों के साथ भेजा गया है। इसी कारण फिलहाल वही टीम भौंरा क्षेत्र में तेंदुए के रेस्क्यू में शामिल नहीं हो पा रही है। जैसे ही टीम वापस लौटेगी, यहां तेंदुए को पकडऩे के प्रयास फिर से तेज किए जाएंगे।

**ग्रामीणों की बढ़ती चिंता-** ग्राम भौंरा निवासी महेंद्र सिरोठिया ने कहा कि तेंदुआ अब गांव के बीच तक आ गया है। गाय का शिकार घरों के पास हुआ, इससे लोग बहुत डरे हुए हैं। बच्चों और महिलाओं को बाहर निकालना मुश्किल हो गया है। वहीं स्थानीय निवासी अजय मिश्रा ने चिंता जताते हुए कहा रात होते ही पूरा इलाका सन्नाटे में चला जाता है। लोग डर के कारण अपने घरों में कैद हो रहे हैं। जब तक तेंदुआ पकड़ा नहीं जाता, तब तक यह डर बना रहेगा। वन विभाग ने ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की है। लोगों को रात के समय बाहर न निकलने, मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं। क्षेत्र में नियमित गश्त और पिंजरों की निगरानी जारी है।

## नए पंजीयन और दावे-आपत्तियों पर विस्तार से की गई चर्चा



**भौंरा।** भाजपा पार्टी मंडल भौंरा, बिजादेही के शक्ति केंद्र भौंरा एवं सालीमेंट में बुधवार को आयोजित बैठकों में एसआरआई को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। भौंरा शक्ति केंद्र की बैठक नगर के अतिथि भवन में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिरोटिया ने की। बैठक की प्रमुख विशेषता यह रही कि नए मतदाताओं के नाम जोडऩे तथा पूर्व मतदाता सूची में किसी कारणवश रह गए पात्र मतदाताओं के नाम शामिल कराने पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही दावे-आपत्तियों के माध्यम से नामों में सुधार, स्थानांतरित मतदाताओं की स्थिति स्पष्ट करने और त्रुटियों के निराकरण को लेकर कार्ययोजना बनाई गई।

मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिरोटिया ने कार्यकर्ताओं से कहा कि बूथ स्तर पर घर-घर संपर्क कर पात्र नागरिकों को सूची में शामिल कराना और दावे-आपत्तियों की प्रक्रिया में सहयोग करना संगठन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से छूटने न पाए, इसके लिए समयबद्ध और समन्वित प्रयास किए जाएं। बैठक में यह भी तय किया गया कि प्रत्येक बूथ पर एसआरआई से जुड़े कार्यों की नियमित समीक्षा की जाएगी और मतदाताओं को प्रक्रिया की सही जानकारी देकर भ्रम की स्थिति से बचाया जाएगा।

### महिला पार्षद ने फिल्टर प्लांट का निरीक्षण कर जताई नाराजगी, रख-रखाव पर उठाए सवाल

## हरदौली जल आवर्धन योजना की प्रयोगशाला बंद, नगर में पहुंच रहा गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

पवित्र नगरी मुलताई की पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के उद्देश्य से करोड़ों रुपये की लागत से बनाई गई हरदौली जल आवर्धन योजना आज नगरवासियों के लिए वरदान साबित नहीं हो पा रही है। योजना का एक बड़ा हिस्सा जहां आधा-अधूरा पड़ा है, वहीं जो संरचनाएं बनी हैं वे भी उचित रखरखाव के अभाव में जर्जर होती जा रही हैं। नगर में एक बार फिर हरदौली जल आवर्धन योजना के माध्यम से शुद्ध पेयजल के स्थान पर गंदा पानी आपूर्ति किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थिति यह है कि लैब टेक्नीशियन के अभाव में फिल्टर प्लांट की प्रयोगशाला बंद पड़ी है, जबकि पानी से निकलने वाले वेस्ट मटेरियल को हटाने वाली ब्रिज रोटर मशीन भी बंद बताई जा रही है। ऐसे में नगरवासियों को शुद्ध पेयजल कैसे मिलेगा, इसको लेकर लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है।



### महिला पार्षद ने किया प्लांट का निरीक्षण

लगातार मिल रही शिकायतों के बाद विवेकानंद वार्ड की पार्षद अंजलि सुमित शिवहरे ने हरदौली डेम स्थित फिल्टर प्लांट पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। पार्षद अंजलि शिवहरे ने बताया कि फिल्टर प्लांट पर मौजूद नगरपालिका कर्मचारी ने जानकारी दी कि पानी का वेस्ट मटेरियल निकालने वाली ब्रिज रोटर मशीन बंद है। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए जलप्रदाय प्रभारी योगेश अनेराव से चर्चा की और मशीन को शीघ्र चालू करने के निर्देश दिए। प्रभारी द्वारा मशीन जल्द शुरू कराने का आश्वासन दिया गया।

### पहले भी फैल चुका है बीमारियों का प्रकोप

पार्षद अंजलि शिवहरे ने कहा कि कुछ माह पूर्व नगर में दूषित पानी के कारण बीमारियों का प्रकोप फैल चुका है, ऐसे में नगरवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना नगरपालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में फिर से गंदा पानी मिलने की शिकायतें आ रही थीं, इसी कारण फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया गया।

### पानी जांच की प्रयोगशाला भी बंद

निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि फिल्टर प्लांट में पानी की शुद्धता जांच के लिए बनी प्रयोगशाला बंद है। जानकारी मिली कि लेब टेक्नीशियन नहीं होने के कारण प्रयोगशाला बंद कर दी गई है। वर्तमान में केवल पानी का टीडीएस और पीएच मान ही प्लांट पर जांचा जा रहा है, जबकि अन्य आवश्यक जांच के लिए पानी के सैंपल महीने में एक बार बैतूल भेजे जा रहे हैं।

### सीएमओ से की प्रतिदिन जांच की मांग

महिला पार्षद ने सीएमओ से मांग की है कि पानी की शुद्धता के लिए प्रयोगशाला में प्रतिदिन रंग, स्वाद, टोटल हार्डनेस और बैक्टीरिया की मात्रा जैसी जरूरी जांचें कराई जाएं। उन्होंने शीघ्र लेब टेक्नीशियन की नियुक्ति कर प्रयोगशाला शुरू करने की मांग की, ताकि नगरवासियों को सुरक्षित पेयजल मिल सके।

### जांच की जा रही है

फिलहाल टीडीएस और पीएच की जांच प्रतिदिन की जा रही है, जिसका रजिस्टर संधारित है। लैब टेस्टिंग पीएचई विभाग के माध्यम से कराई जाती है। ब्रिज रोटर मशीन आज ही खराब हुई है, जिसे आज ही दुरुस्त कराया जा रहा है।
**योगेश अनेराव,** उपयंत्री, नगर पालिका मुलताई

## समोन भानपुर सड़क का विधायक ने किया भूमि पूजन



**माखन नगर।** बुधवार को विकासखंड के ग्राम भानपुर में समोन–भानपुर–बागलखेड़ी सड़क निर्माण कार्य (लंबाई 5.50 कि.मी., लागत 875.05 लाख रुपये) का भूमिपूजन सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने किया। इस अवसर पर विधायक विजयपाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि यह सड़क क्षेत्र के ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी तथा आवागमन को सुगम बनाकर क्षेत्र को विकास की नई दिशा देगी। उन्होंने कहा कि सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र में लगातार सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को सीधा लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में भाजपा उपाध्यक्ष निखिलेश चतुर्वेदी, बबली पारासर, आरी मंडल अध्यक्ष विपिन यादव, संजय अग्रवाल, दीपक वर्मा, ग्राम बागरखेड़ी सरपंच रामभरोस यादव, जनपद सदस्य संतोष उइके, सरपंच समोन उमराव यादव, सुमेर सिंह, सरपंच बगलोन सोमेश खंडेलवाल, रविशंकर यादव, जगदीश यादव, मदन शर्मा, उपयंत्री आर बी चौहान, ठेकेदार संतोष जैन सहित संबंधित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**एसआईआर:** दावे-आपत्तियों की प्रक्रिया 22 जनवरी 2026 तक

# ‘मतदाता सूची में नाम जुड़वाना जिम्मेदार नागरिक का है कर्तव्य’

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 एसआईआर के अंतर्गत मतदाता सूची को अद्यतन करने की प्रक्रिया जारी है। इस क्रम में नर्मदापुरम जिले में भी निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन 23 दिसंबर 2025 को समस्त मतदान केंद्रों सहित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया था। उक्त परिप्रेक्ष्य मैं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सोनिया मीना ने समस्त पात्र मतदाताओं से अपील की है कि वे एक जिम्मेदार मतदाता के रूप में अपने नाम की जांच कर समय-सीमा में आवश्यक दावे-आपत्तियां प्रस्तुत करें, जिससे कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे।

प्रारूप निर्वाचक नामावली voters.eci.gov.in, ceoelection.mp.gov.in एवं ECINet App पर उपलब्ध है। मतदाताओं को सर्वप्रथम अपना नाम प्रारूप सूची में अवश्य जांचना चाहिए। दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत करने की अवधि 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। उक्त अवधि में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय अथवा बीएलओ से संपर्क कर दावा आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते हैं।

इस अवधि में प्रत्येक कार्यदिवस पर सभी मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल ऑफिसर उपस्थित रहेंगे। उनके माध्यम से नाम जोड़ने, हटाने/आपत्ति दर्ज करने तथा संशोधन से



संबंधित आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 के साथ घोषणा-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। वहीं, यदि कोई मतदाता राज्य से बाहर से स्थानांतरित होकर आया है, तो उसे फॉर्म-8 के साथ भी घोषणा-पत्र देना होगा। ऑफलाइन आवेदन करने पर मतदाताओं को बीएलओ से पावती प्राप्त करना न भूलने की सलाह दी गई है।

दावे-आपत्तियों के निराकरण तथा गणना पत्रक के आधार पर तैयार प्रारूप निर्वाचक नामावली की पात्रता प्रविष्टियों की जांच के उपरांत, कतिपय निर्वाचकों को नोटिस जारी कर सुनवाई 23 दिसंबर 2025 से 14 फरवरी 2026 तक की जाएगी। नोटिस की तामीली के बाद संबंधित मतदाता को निर्धारित दिनांक, समय एवं स्थान पर आवश्यक दस्तावेजों की प्रतियों सहित उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

फॉर्म-6, फॉर्म-6A, फॉर्म-7 एवं फॉर्म-8 मतदाता वेबसाइट से डाउनलोड, से, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा जिला निर्वाचन कार्यालय से भी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त ऑनलाइन आवेदन सुविधा voters.eci.gov.in, ceoelection.mp.gov.in एवं ECINet App पर उपलब्ध है।

### ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया

ECINet App द्वारा गूगल प्ले-स्टोर से ECINet App डाउनलोड करें। मोबाइल नंबर एवं प्राप्त ओटीपी से रजिस्ट्रेशन करें। Voters Services सेक्शन में जाकर Voters Registration पर क्लिक करें। फॉर्म-6 घोषणा-पत्र (Annexure-IV) के साथ भरें। Voters Portal द्वारा https://voters.eci.gov.in पर जाएं। मोबाइल नंबर एवं OTP से साइन-अप करें। New Voters Registration टैब पर क्लिक कर फॉर्म-6 एवं घोषणा-पत्र (Annexure-IV) भरें।

मतदाता जागरूकता अभियान के संदेश “कोई मतदाता छूट न जाए” के साथ नागरिकों से सक्रिय सहभागिता की अपील की गई है। अधिक जानकारी एवं सहायता के लिए 1950 हेल्पलाइन, ceoelection.mp.gov.in /CEOMPElections, @ceompelections तथा /ceompelections/CEOMPSVEEP पर संपर्क किया जा सकता है।

## फाइटर फुटबॉल क्लब ने जीती 35+ फुटबॉल टूर्नामेंट की ट्रॉफी



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

खेल के प्रति जज्बा उम्र का मोहताज नहीं होता, इसे सच कर दिखाया है इटारसी के सीनियर फुटबॉल खिलाड़ियों ने। फाइटर फुटबॉल क्लब द्वारा आयोजित 9 ए साइट 35+ फुटबॉल टूर्नामेंट का शानदार समापन हुआ। नई सोच और नई पहल के साथ आयोजित इस टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य उन वरिष्ठ खिलाड़ियों को मैदान पर वापस लाना था, जो अपने समय के बेहतरीन खिलाड़ी रहे हैं।

**फाइटर क्लब ने जमाया कब्जा:** टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला फाइटर फुटबॉल क्लब इटारसी और नेशनल फुटबाल क्लब इटारसी के बीच खेला गया। फाइनल मैच बेहद रोमांचक रहा, जिसमें फाइटर फुटबॉल क्लब ने अपने शानदार तालमेल और अनुभव के दम पर एनएफसी क्लब को 5-2 के अंतर से पराजित कर खिताबी जीत हासिल की।

**सम्मान और पुरस्कार वितरण:** मैच के समापन पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में फाइटर क्लब के अध्यक्ष सत्यम अग्रवाल, नीलू चौधरी एवं जिला फुटबॉल सचिव दीपक परदेशी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया और इस नई पहल की सराहना की।

### नई सोच, नया जोश

हेड कोच भागवत सिंह राजपूत ने बताया कि यह टूर्नामेंट नर्मदापुरम जिले के उन सभी सीनियर खिलाड़ियों के सम्मान में आयोजित किया गया है जिनकी उम्र 35 वर्ष से अधिक है। यह आयोजन वरिष्ठ खिलाड़ियों को खेल के प्रति पुनः जागरूक करने की एक अनूठी कोशिश है। टूर्नामेंट को सफल बनाने में आयोजन समिति के सचिव पप्पू चौधरी, निपुण गोठी, रितेश शर्मा, नीरज गोयल, विनय यादव, विशाल कुशवाहा, गोलू मालवीय, मौसम रघुवंशी, रवि श्रीवास्तव और श्याम राजपूत का महत्वपूर्ण योगदान रहा। बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और अन्य खिलाड़ी इस रोमांचक फाइनल मैच का आनंद लेने मैदान पहुंचे।

## ग्राम कोहानी में शनि मंदिर के निकट बनाया जा रहा कब्रिस्तान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत कोहानी में शनि मंदिर के निकट कब्रिस्तान बनाया जा रहा है। जिसकी शिकायत बुधवार को ग्रामीणों ने सोहागपुर एसडीएम से की है। आवेदन अनुसार धार्मिक दृष्टि से मामला अत्यंत संवेदनशील है। शनि मंदिर के पास कब्रिस्तान के निर्माण से ग्रामवासियों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं।

इससे भविष्य में शांति व्यवस्था, स्वच्छता तथा सामाजिक समरसता संबंधित समस्या उत्पन्न होने की पूर्ण संभावना है। ग्रामवासियों ने एसडीएम प्रियंका भल्लावी को बताया कि समस्त ग्रामवासी कब्रिस्तान बनाए जाने के लिए सहमत नहीं हैं और निर्माण पर ग्रामीणों को आपत्ति है।

ग्रामवासी सर्वसम्मत राय हैं कि कब्रिस्तान को ग्राम की आबादी से दूर उपयुक्त एवं नियमानुसार किसी अन्य स्थान पर बनाया जाना चाहिए। जिससे



किसी भी वर्ग की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचे एवं ग्राम में सौहार्द्र बना रहे। उक्त स्थान पर हिंदू समाज द्वारा अंतिम संस्कार एवं संबंधित धार्मिक क्रियाएं भी संपन्न कराई जाती हैं।

आवेदन सौंपने के दौरान अधिवक्ता शिवकुमार पटेल, श्रीकांत पटेल प्रांत सुरक्षा प्रमुख बजरंग दल, रितेंद्र राजपूत, सतपाल राजपूत, मृणाल घरामी, रामराज पटेल, जालम सिंह पटेल, सुनील पटेल, जालम सिंह पटेल, राजकुमार पटेल, गोविंद सिंह पटेल, विशाल पटेल, जितेंद्र पटेल, नरेश पटेल, अर्जुन पटेल, भरत तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## इटारसी सरोवर की दुर्दशा पर नाराजी, सीएमओ से मिले कांग्रेस नेता अवैध मछली बिक्री और मेंटेनेंस पर सवाल, सीएमओ ने दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर की पहचान कहे जाने वाले इटारसी सरोवर की बदहाल स्थिति, मछलियों की मौत और रखरखाव के अभाव को लेकर आज वार्ड के प्रतिनिधिमंडल ने कांग्रेस नेताओं के साथ नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर तीखा विरोध दर्ज कराया।

प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी ऋतु मेहरा से मुलाकात कर सरोवर की सफाई और कथित अवैध मछली बिक्री पर रोक लगाने की मांग की।

**बदबू और गंदगी से स्थानीय लोग बेहाल**

पिछले कई दिनों से सरोवर के पानी से उठ रही भयंकर दुर्गंध के कारण स्थानीय निवासियों और मॉर्निंग वॉक पर आने वाले लोगों का जीना दूभर हो गया है। मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि बदबू इतनी तीव्र है कि वहां खड़ा रहना भी



मुश्किल है। इसके साथ ही सरोवर में बड़ी संख्या में मछलियों के मरने की खबरें भी सामने आ रही हैं, जिससे जल प्रदूषण का खतरा बढ़ गया है।

**अवैध मछली बिक्री और मेंटेनेंस पर सवाल:** प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि मेंटेनेंस के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है, जबकि धरातल पर कोई ठोस कार्य नहीं दिख रहा। साथ ही, सरोवर से मछलियों की कथित अवैध बिक्री की शिकायतें भी सीएमओ के समक्ष रखी गईं।

**ऑक्सीजन की कमी है मुख्य कारण:** विश्वस्त सूत्रों और जल विशेषज्ञों के अनुसार, तालाब में पानी का स्तर अधिक होने के कारण ऑक्सीजन की कमी हो रही है। इस समस्या के समाधान के लिए तालाब के जल स्तर को लगभग 3 फीट कम करना अनिवार्य है। पानी के शुद्धिकरण के लिए आवश्यक रसायनों का छिडक़ाव जरूरी है। यह स्थिति पिछले कई वर्षों से बनी हुई है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया।

इस दौरान नगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मयूर जायसवाल, पूर्व पार्षद नीलेश मालोनिया, पार्षद अमित कापरे, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव प्रतीक मालवीय, गोल्डी बैस, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव शम्मी जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष गौरव चौधरी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे। सीएमओ ने प्रतिनिधिमंडल की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया है कि जल्द ही सरोवर की सफाई कराई जाएगी और तकनीकी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए समस्या का निराकरण किया जाएगा।

## पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष और पूर्व नपाध्यक्ष ने की एसपी से भेंट



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नर्मदापुरम जिला कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह पटेल एवं पूर्व नपाध्यक्ष संतोष मालवीय ने सीहोर जिले के आपराधिक मामले के संबंध में मंगलवार को एसपी सांई कृष्णा एस थोटा से भेंट की है। कांग्रेस नेताओं ने सोहागपुर निवासी एक मजदूर की सीहोर जिले में कार्य दौरान मृत्यु होने के मामले में मृतक के परिजनों के लिए न्याय की मांग की है।

जानकारी अनुसार सोहागपुर ब्लॉक के ग्राम अजनेरी निवासी एक महिला के साथ कांग्रेस नेताओं ने एसपी से मुलाकात में बताया कि महिला के पति राहुल कुशवाहा को 25 दिसंबर आशीष राय ने बिजली विभाग का कार्य करने नसरुल्लागंज जिला सीहोर क्षेत्र में भेजा था। जहां फारेस्ट डिपो के पास खम्बे में से राहुल तार निकाल रहा था। तभी एक ट्रैक्टर ड्रायवर गोलू तेजी तथा लापरवाही से वाहन चलाकर लाया और खम्बे में टक्कर मार दी। जिससे खम्बे पर तार निकाल रहा राहुल कुशवाहा खम्बे से नीचे गिरा और ट्रैक्टर एवं खम्बा राहुल कुशवाहा के ऊपर आ गिरे। राहुल कुशवाहा को मौका स्थल से नरेश मालवीय पुत्र बैनीप्रसाद मालवीय निवासी ग्राम अजनेरी ब्लॉक सोहागपुर शासकीय अस्पताल सीहोर लेकर गया, जहां पर राहुल कुशवाहा को मृत घोषित कर दिया गया। उक्त घटना की सूचना मंडी थाना में दर्ज कराई थी। मामले में उचित कार्रवाई की मांग कांग्रेस नेताओं ने एसपी से की है। एसपी थोटा ने मृतक की पत्नी द्वारा दिये गए आवेदन की फोटो सोशल मीडिया द्वारा सीहोर एसपी को भेजने की बात कही है।

## गुरुनानक पब्लिक स्कूल में युवाओं को उद्यमिता कौशल प्रशिक्षण में सिखाए सफलता के गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

गुरु नानक पब्लिक स्कूल में युवाओं के कौशल विकास और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक दिवसीय उद्यमिता कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लेकर भविष्य में सफल उद्यमी बनने के तकनीकी पहलुओं को समझा।

प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी देते हुए राहत वेलफेयर सोसाइटी की समिति अध्यक्ष निदा फरहीन ने बताया कि यह कार्यक्रम भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा स्थापित सीआईडीसी के माध्यम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य निर्देशन सीआईडीसी कोऑर्डिनेटर



डॉ. फैजान अहमद इनाम की देखरेख में संपन्न हुआ। **विशेषज्ञों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव:** प्रशिक्षण सत्र के दौरान विषय विशेषज्ञों ने युवाओं को वर्तमान बाजार की आवश्यकताओं और स्टार्टअप शुरू करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्य रूप से शासन द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी, कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भरता प्राप्त करना, नए व्यवसाय की योजना बनाना और उसका क्रियान्वयन पर चर्चा की गई।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रशिक्षण प्रदाता राहत वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष निदा फरहीन, मुख्य प्रशिक्षक श्रद्धा दयाल, सहायक मनीषा सलाम एवं स्वामी सरते विशेष रूप से उपस्थित रहे। इन विशेषज्ञों ने युवाओं की शंकाओं का समाधान किया और उन्हें नवाचार के लिए प्रोत्साहित किया।

## महिला मंडल ने स्कूली छात्र छात्राओं को बांटे गर्म कपड़े



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मंगलवार को राष्ट्रीय युवा हिंदू वाहिनी संगठन एवं श्री गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज इटारसी महिला मंडल संगठन द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोलरिया के माध्यमिक शाला में कक्षा छठवीं से कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं को ठंड से बचाव हेतु गर्म वस्त्रो का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा हिंदू वाहिनी की जिला अध्यक्ष एवं श्री गौड मालवीय ब्राह्मण समाज मंडल अध्यक्ष अर्चना मालवीय, ब्लॉक अध्यक्ष चांदनी शुक्ला, वरिष्ठ सलाहकार अर्चना राजेंद्र मालवीय, सचिव किरण मालवीय, संगठन सदस्य रवीना चौहान एवं रेखा मालवीय द्वारा उपस्थित होकर बच्चों को वितरित किया गया। विद्यालय की प्रभारी गीता देवी पंथी द्वारा इस नेक कार्य के लिए संगठन को धन्यवाद दिया।

## हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में वरिष्ठ नागरिक संघ नववर्ष का करेगा बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

वरिष्ठ नागरिक संघ, पुरानी इटारसी की मासिक बैठक संघ कार्यालय में संपन्न हुई। इस बैठक में पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे निरंतर अत्याचारों के प्रति गहरा रोष व्यक्त किया गया। संघ ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि वे इस वर्ष विरोध स्वरूप नववर्ष नहीं मनाएंगे और राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन प्रशासन को सौंपेंगे।

बैठक में सदस्यों ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या, प्रताडऩा, महिलाओं और बच्चों पर अत्याचार एवं घरों को जलाए जाने की घटनाएं अत्यंत निंदनीय हैं। शासन की अनदेखी के विरोध में आगामी सप्ताह में एसडीएम इटारसी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदुओं की



सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की जाएगी। शहर की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चासंघ ने शहर की बुनियादी और प्रशासनिक समस्याओं पर भी चिंता व्यक्त करते हुए जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित किया। जिसमें प्लेटफॉर्म नंबर 1 के बाहरी हिस्से में फैली भीषण अव्यवस्था और पुरानी इटारसी की ओर एस्केलेटर का चालू न होना, यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। पुरानी इटारसी के बदहाल मार्ग और जमानी रोड पर खतरनाक ढंग से बनाए गए स्पीड ब्रेकर्स को सुधारने की आवश्यकता बताई गई। स्टेट बैंक का एटीएम कई महीनों से बंद होने के कारण वरिष्ठ नागरिकों को हो रही आर्थिक असुविधा पर निराशा व्यक्त की गई।

बैठक के दूसरे चरण में संघ के संस्थापक सदस्य और संरक्षक, दिवंगत शिक्षाविद एपी चौधरी को याद किया। बैठक में सदस्य दिलीप कुमार दीवान को उनके जन्मदिन पर मंगलकामनाएं प्रेषित की गईं।

इस अवसर पर शिवनारायण चौधरी (छोटे भैया), आरसी वर्मा, डॉ. अनिरुद्ध कुमार शुक्ल, अध्यक्ष अशोक कुमार दुबे, सचिव जीडी पाटिल, एमएल पटेल, टीआर चोलकर, राजेंद्र चौधरी, संतोष दीवान एवं अशोक दुबे सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

## किसान संघ की बैठक व प्रशिक्षण संपन्न, पदाधिकारी रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

भारतीय किसान संघ का नगर में कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग एवं मिलन समारोह कार्यक्रम पिपरिया रोड स्थित एक भवन में संपन्न हुआ। जिसमें भारतीय किसान संघ के प्रांतीय अध्यक्ष अध्यक्ष सर्वज्ञ दीवान, प्रांतीय संगठन मंत्री भरत पटेल, प्रांतीय सदस्य सूरज जाट ने सोहागपुर तहसील के विभिन्न ग्रामों से पधारे हुए कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति नीति से अवगत कराया। उन्होंने संगठन के द्वारा पूरे देश में किये जा रहे कृषक हितैषी कार्यों व संगठन की शक्ति से अवगत कराते हुए कहा कि संगठन को सोहागपुर तहसील में सशक्त बनाएं तथा किसान हित में कार्य को तैयार रहें।

कंपनियों ने की ठगी: प्रशिक्षण में उपस्थित किसानों ने संघ पदाधिकारियों को बताया कि वर्तमान में प्राइवेट



कंपनियों द्वारा सोहागपुर के किसानों को झूठे सब्ज़बाग दिखाकर ठगी की गई है। इन कंपनियों के विरुद्ध कृषक आक्रोशित हैं। खाद वितरण की अव्यवस्था व अनियमित बिजली कटौती अनियमित आदि मुद्दे भी चर्चा में छाए रहे।

इस दौरान भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष ओंकार राजपूत, मंत्री शंकर सिंह पटेल सहित संभाग एवं जिले के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सोहागपुर से रेवक सिंह, लालजी रघुवंशी, आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

वृंदावन गार्डन में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का छठवां दिवस

## जिन्हें परमात्मा प्यारे नहीं है उनका त्याग करो: साध्वी राधादेवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

श्री वृंदावन गार्डन में जारी श्रीमद भागवत कथा के छठे दिन बाल साध्वी राधादेवी ने रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जहां सच्चा प्यार होता है वहां पर भगवान कुछ ना कुछ व्यवस्था कर ही देता है। भगवान अपने सच्चे भक्तों का हर प्रकार से ध्यान रखते है।

साध्वी जी ने कहा कि रुक्मिणी विवाह से एक शिक्षा यह भी लेनी चाहिए कि जो भगवान के विरोधी है उनका त्याग कर देना चाहिए। गोस्वामी तुलसीदास ने कहा है कि जाको प्रिय न राम वैदेही, तजिए ताहि कोटि बैरी। सम यद्यपि परम स्नेही। जिसको सीता राम जी प्यारे नहीं है यानि की परमात्मा प्यारे नहीं है उनका




त्याग कर देना चाहिए। चाहे वह कितना भी प्रेमी क्यों नहीं है। रुक्मिणी ने वही किया। उसने अपने परिवार का त्याग कर भगवान श्री कृष्ण को ही चुना क्योंकि रुक्मिणी का भाई रुक्मी भगवान श्री कृष्ण का विरोधी था और वह रुक्मिणी का विवाह शिशुपाल से करना चाहता था और शिशुपाल भी भगवान श्री कृष्ण का विरोधी था। इसलिए रुक्मिणी ने भगवान श्री कृष्ण को पत्र लिखा कि मैं रुक्मिणी, आप श्री कृष्ण जी को अपना पति मान चुकी हूं अब मेरी लाज तुम्हारे हाथ है। आप बहुत जल्द मुझे यहां से ले जाओ। वरना मैं अपने प्राण त्याग दूंगी।

मैं मरना पसंद करूंगी परन्तु आपके शिवा किसी की अर्धांगिनी नहीं बनूंगी। भगवान श्री कृष्ण ने तुरंत रुक्मिणी को वहां से लाकर उससे सहर्ष विवाह किया।

कथा में महामंडलेश्वर केशवदास सरदार नगरसे, महंत प्रज्ञानन्द तालनगरी से, जसवीर छावड़ा, शरद गुप्ता, मनोज सोनी, अशोक खंडेलवाल, जगदीश मालवीय, किशनलाल सेठी, अंशुल अग्रवाल एवं मित्र मंडल, महिला मंडल आदि आयोजक समिति सेवन स्टार ग्रुप पूरे तन मन धन से कथा में सेवा कर पुण्य अर्जित करने में तत्पर है।

## सरस्वती स्कूल में वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास से हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

विद्याभारती द्वारा मार्गदर्शित एवं सरस्वती शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल, मालवीय गंज का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, अभिभावकगण एवं नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुविभागीय अधिकारी पुलिस वीरेंद्र मिश्र रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि विद्यालय के पूर्व छात्र एवं पशु आहार संयंत्र, कीरतपुर के प्रबंधक डॉ. सुनील चौधरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन समिति के उपाध्यक्ष एवं पूर्व छात्र परिषद के विभाग प्रमुख अभिषेक तिवारी ने दिया।कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने




मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतिया दीं। समूह गीत, देशभक्ति नृत्य, नाट्य प्रस्तुतियाँ एवं अन्य कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमुदाय का मन मोह लिया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों में अनुशासन, समर्पण और सांस्कृतिक चेतना स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। वार्षिकोत्सव के अवसर पर शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### गणतंत्र दिवस समारोह के लिए बैठक 5 को

**हरदा।** जिले में गणतंत्र दिवस समारोह गरीमापूर्ण तरीके से मनाया जायेगा। गणतंत्र दिवस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के लिये कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में 5 जनवरी 2026 सोमवार को टीएल बैठक के बाद कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गये है।

### आज 4 घंटे बंद रहेगी बिजली

**हरदा।** जिले में 1 जनवरी, गुरुवार को विभिन्न क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत कंपनी ने आवश्यक संधारण कार्य के लिए दो शिफ्टों में शटडाउन निर्धारित किया है। बिजली कंपनी के जेई राकेश सिलोरे ने बताया कि संभाग के अंतर्गत 1 जनवरी, को 33 केवी और 11 केवी फीडरों पर अति आवश्यक संधारण कार्य किया जाएगा। इसी के चलते प्लान शटडाउन निर्धारित किया गया है। इसके तहत, 33 केवी अबगांवखुर्द, हंडिया, कांकरिया, वीएक्सएल, टेमलावाड़ी और खरड़ फीडरों पर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली बंद रहेगी। यह कटौती कुल चार घंटे की होगी। वहीं, 11 केवी कोलीपुरा, पांचातलाई, कांकरिया, आदमपुर, चारखेड़ा, कनारदा, रूपीरेटिया, मुहाल, कुडावां पोखरनी, गोपालपुरा, चारूवा, नीमगांव, छूरीखाल, महालपुरा, बैरागढ़, नहालखेड़ा और अतरसमां फीडरों पर सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इन क्षेत्रों में नौ घंटे की कटौती होगी।

### ग्रामीणों ने की मार्ग निर्माण की मांग

**रहटगांव।** बुधबार कों हरदा में कलेक्टर से नजरपुरा से झाड़बीड़ा मार्ग क्षतिग्रस्त मार्ग को पुनः निर्माण के लिए मुलाकात की। जिस पर कलेक्टर द्वारा तत्काल प्रधानमंत्री ग्राम सडक अधिकारी तथा पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को तत्काल निर्देशित कर सात दिवस के अंदर निर्माण चालू करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष गयाप्रसाद पाण्डे ,वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश प्रसाद गौर, कायदा युवा मोर्चा महामंत्री संतसरन खरे मौजूद रहे।

### जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 2 जनवरी को

**सीहोर।** जनजातीय कार्य विभाग की जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की त्रैमासिक बैठक कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में 2 जनवरी, 2026 को शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित की गई है ।

### दुर्गादास बस्ती गंज में होगा विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजन

**सीहोर।** हिन्दू सम्मेलन का आयोजन दुर्गादास बस्ती गंज में 11 जनवरी रविवार को प्रस्तावित किया गया। करौली वाली माता मंदिर से सुबह 10 कलश यात्रा प्रारंभ की जाएगी। कलश यात्रा गंज के प्रमुख मांर्गो से होकर बड़ी ग्वाल टोली शासकीय हाई स्कूल के वसुधा मैरिज गार्डन पहुंचेगी। हिन्दुसंगम सामाजिक एकता, समरसता, सांस्कृतिक चेतना धार्मिक परम्पराओं को सुदृढ़ बनाने का एवम हिन्दू समाज की सामुहिक शक्ति के प्रकटीकरण के लिए हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।

### प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने सुनाई सजा, दोषियों को जेल भेजा

# योजनाओं में फर्जीवाड़ा, भ्रष्टाचार के मामले में चार को दस-दस साल सश्रम कारावास



हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

मंगलवार शाम को प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने सरकारी योजनाओं में फर्जीवाड़ा कर भ्रष्टाचार के मामले में चार लोगों को दस-दस साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। सजा सुनाए जाने के बाद चारों दोषियों को जेल भेज दिया गया। जिले में भ्रष्टाचार के मामलों में यह अब तक का सबसे बड़ा फैसला माना जा रहा है। अपर लोक अभियोजक विपिन सोनकर के अनुसार, यह मामला खिरकिया विकासखंड की ग्राम पंचायत कालधड़ से जुड़ा है।

इसमें सरपंच रामवती भुसारे, तत्कालीन सचिव हरिहर शर्मा, वर्तमान सचिव स्वाति सोनी और सहायक सचिव प्रतिमा आठनेरे ने मुख्यमंत्री आवास योजना, स्वच्छता अभियान और मनरेगा जैसी सरकारी योजनाओं में फर्जीवाड़ा कर राशि निकाली थी। इस संबंध में सुजीत कीर नाम के व्यक्ति ने छीपापाड़ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक ने मृत व्यक्तियों के नाम पर और उन महिलाओं के नाम पर भी राशि निकाली, जिनकी शादी होकर वे गांव से बाहर जा चुकी थीं। मस्टर रोल में फर्जी मजदूरी दिखाकर यह भ्रष्टाचार किया गया। सुजीत कीर ने पहले एसडीएम खिरकिया और जिला पंचायत में भी शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर उन्होंने थाने में मामला दर्ज कराया। जांच के दौरान नायब तहसीलदार और खंड पंचायत अधिकारी की रिपोर्ट में ग्राम पंचायत कालधड़ के सरपंच, सचिव और सहायक सचिव द्वारा किए गए कार्यों में अनियमितताएं पाई गईं।

पुलिस ने भारतीय दंड संहिता (भादवि) की धारा 420, 465, 467, 468, 471 और 34 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस विवेचना में फर्जी मजदूरों की सूची, फर्जी मस्टर रोल की छायाप्रतियां और बसंती बाई का मृत्यु प्रमाण पत्र जब्त किया गया। अपर लोक अभियोजक सोनकर ने बताया कि तत्कालीन सचिव हरिहर शर्मा को धारा 420 और 409 के तहत दस-दस साल के सश्रम कारावास और छह माह के अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। वहीं, सहायक सचिव प्रतिमा आठनेरे, सरपंच रामवती बाई भुसारे और वर्तमान सचिव स्वाति सोनी को धारा 409 और 476 के तहत पांच हजार रुपए के जुर्माने के साथ छह महीने के अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा मिली है।

### शासकीय नवीन माध्यमिक शाला बैरागढ़ में किया कार्यक्रम

# बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन ने स्कूली बच्चों को जूते और मोजे वितरित किए




हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

कैनरा बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी के. रवि कुमार के मार्गदर्शन में वाइस प्रेसिडेंट के. के. त्रिपाठी एवं वाइस चेयरमैन संजय गोयल के नेतृत्व में मंगलवार को सामाजिक गतिविधि आयोजित हुई। जिले में शासकीय नवीन माध्यमिक शाला बैरागढ़ हरदा में समाज सेवा की जो प्रेरणादायक सामाजिक गतिविधि संपन्न हुई। जिसमें छोटे बच्चो को ठंड में पहनने के लिए स्कूल के जूते और मोजे तथा बिस्कुट आदि का वितरण किया गया। के. के. त्रिपाठी ने कहा कि वह केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि संवेदना, सेवा और संगठन की जीवंत मिसाल है। उन्होंने कहा कि यह कार्य यह दर्शाता है कि केनरा बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन सिर्फ एक संगठन नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने वाला एक मजबूत परिवार है। ऐसी सेवाएँ दिलों को जोड़ती हैं, विश्वास को मजबूत करती हैं और मानवता को नई दिशा देती हैं। सेवा ही संगठन की असली पहचान है और यही कैनरा बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन की सच्ची शक्ति है। इस कार्यक्रम में कैनरा बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन हरदा यूनिट से अजीत सिंह ठाकुर, गणेश सातनकर, शासकीय नवीन माध्यमिक शाला ,बैरागढ़ जिला - हरदा की प्रधानाचार्य नीतू पाल शिक्षक सुधा हथेल एवं स्वाति ठाकुर तथा भोपाल से टी. एन. विंडैया पुष्कर पाण्डे एवं मनीष चतुर्वेदी उपस्थित थे।

# श्रीमद ,भागवत भगवान का वांग्मय स्वरूप: दौलत शर्मा




हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव

स्थानीय अशोक राठौर नितिन राठौर रहटगांव द्वारा संगीत में श्रीमद् भागवत कथा शांताकुंज से भव्य कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का मंगलमय शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा गणेश मंदिर बाजार चौक से होकर नगर भ्रमण के उपरांत कथा स्थल पर पहुंची।

ततपश्चात पंडित दौलतराम शर्मा द्वारा पूजन के उपरांत भव्य संगीतमय कथा का शुभारंभ किया गया। उन्होने कधा को विस्तार देते हुए कहां कि कथा श्रवण करने से पाप के साथ साथ कलियुग की आयु की क्षीण होती हैं। उन्होंने उन्होंने नारद जी के द्वारा पृथ्वी भ्रमण कर ज्ञान भक्ति वैराग्य को श्रीमद् भागवत कथा सुनाई। आनंद तट गंगा जी के किनार पर ले जाकर के सप्ताह परायण की विधि से कथा सुनाई और ज्ञान वैराग्य को जागृत किया। इसके साथ ही नारद जी के आशीर्वाद से कलयुग में हर भक्त के हृदय में भक्ति की स्थापना करने का आशीर्वाद भी दिया। इस कथा के दौरान उन्होंने आत्म देव ब्राह्मण की कथा सुनाई जिनको पुत्र की इच्छा थी, आज के वर्तमान समय में लोकेषण न वितेषना और पुत्रेषणा के लिए हर व्यक्ति लालाहित है।

### श्रीराम ने शिव धनुष तोड़ माता सीता से किया विवाह, परशुराम हुए क्रोधित

# लक्ष्मण और परशुराम के बीच हुई नोक झोक



**रहटगांव।** ग्राम फुलडी में चल रही रामलीला में श्री आदर्श रामलीला मण्डल फुलडी द्वारा दूसरे दिन धनुष यज्ञ और परसराम संवाद का खेल दिखाया गया। गणेश रामलीला समिति द्वारा रामचरित में विश्वामित्र यज्ञ की रक्षा करने के लिए श्री राम ने ताड़का एवं मारीच राक्षस का दहन कर अहिल्या को उद्धरण किया।

इसके बाद गुरु की आज्ञा मानकर पुष्प वाटिका से खुश रहे तू कुछ भुला कर दिए तत्पश्चात जनक के आमंत्रण पर गुरु के संग धनुष यज्ञ में जाकर बैठे। इसके पश्चात राजा जनक द्वारा सीता के विवाह के लिए भगवान शिव का धनुष तोड़ने और सीता का विवाह करने के लिए स्वयंवर का खेल दिखलाया गया। बड़े-बड़े शूरवीर राजाओं से धनुष तोड़ना तो दूर की बात उसे हिला भी नहीं पाए। बाणासुर और रावण जैसे बड़े-बड़े योद्धा भी इस चुनौती का सामना नहीं कर पाए। इसके बाद गुरु विश्वामित्र ने श्रीराम को आज्ञा दी और भगवान श्रीराम ने धनुष तोड़ सीता से विवाह किया। धनुष तोड़ने की सूचना जैसी भगवान परशुराम को मिली। वह तुरंत जनक के दरबार में आ गए और सभी राजाओं पर क्रोध बरसाने लगे इसके बाद परशुराम और लक्ष्मण के बीच में बातों के तीर चले वह एक दूसरे पर क्रोध दिखाते रहे भगवान श्री राम और विश्वामित्र के समझाने के बाद लक्ष्मण शांत हुए।

## 24 घंटे के रामायण का पाठ आज काकड़ा आरती से होगा संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭रहटगांव

ग्राम बालागांव में 24 घंटे का रामायण का पाठ अंग्रेजी नव वर्ष पर किया जा रहा है । रामायण का पाठ का आयोजन पुरानी ग्राम पंचायत के पास हनुमान मंदिर में आयोजित किया जा रहा है इसमें समस्त ग्रामवासी एवं युवा शामिल हैं युवाओं का कहना है कि हमारा हिंदू नव वर्ष गुड़ी पड़वा के दिन बनाया जाता है मगर कैलेंडर बदले एवं इंग्लिश नव वर्ष आज ग्राम में 24 घंटे के लिए रामायण का पाठ का आयोजन किया जा रहा है जिससे 9 वर्ष के दिन सुबह काकड़ा आरती के कर समाप्त किया जाएगा ।

### इस टूर्नामेंट की तिथि 24 जनवरी निर्धारित की गई

# हरदा में पहली बार होगा अंतरराष्ट्रीय रैपिड शतरंज टूर्नामेंट, रेटेड खिलाड़ी आएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

जिले में पहली बार एक भव्य अंतरराष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन होने जा रहा है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट हरदा जिला शतरंज संगठन के तत्वाधान में इंटरनेशनल स्टैंडर्ड के अनुरूप संपन्न होगा, जिसमें देश-प्रदेश सहित विभिन्न स्थानों के ख्याति प्राप्त और रेटेड खिलाड़ी अपने खेल का जौहर दिखाएंगे। इस टूर्नामेंट की तिथि शतरंज फेडरेशन द्वारा 24 जनवरी शनिवार निर्धारित की गई है। यह टूर्नामेंट कलेक्टर निवास के सामने, इंदौर रोड हरदा डिग्री कॉलेज में होगा, जिसमें देश-विदेश के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। उन्होने बताया कि यह इंटरनेशनल चेस टूर्नामेंट 24 जनवरी राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिकाओं को समर्पित रहेगा। इसमें बड़ी संख्या में बालिकाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जिले एवं आसपास के विद्यालयों और महाविद्यालयों से संपर्क कर उन्हें प्रेरित किया जाएगा। साथ ही खिलाड़ियों के खेल स्तर को बेहतर बनाने हेतु पूर्व में प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने बताया कि शतरंज के शौकीनों और खिलाड़ियों के लिए यह एक बेहतरीन मौका है, जहां वे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। टूर्नामेंट में कुल 1,51,000 रुपये की इनामी राशि और ट्रॉफियां रखी गई है। यह एक रेपिड टूर्नामेंट होगा, जिसमें प्रत्येक खिलाड़ी को 15 मिनट और प्रति चाल 5 सेकंड का अतिरिक्त समय मिलेगा। उन्होने बताया कि टूर्नामेंट के लिये ओपन श्रेणी हेतु 750 रुपये तथा हरदा के स्थानीय खिलाड़ियों के लिये 500 रूपये एन्ट्री फीस निर्धारित की गई है। जीएम/डब्ल्यूजीएम/डब्ल्यूआईएम खिताब धारकों और 2300 से ऊपर रेटेड खिलाड़ियों के लिए प्रवेश निःशुल्क है। इसके अलावा दिव्यांग खिलाड़ियों को एंट्री फीस में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

### कृषि विज्ञान केंद्र हरदा में पांच दिवसीय रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण संपन्न

# ग्रामीण युवतियों को आंवला, अमरूद का प्रसंस्करण को लेकर सैद्धांतिक व प्रायोगिक जानकारी दी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा




कृषि विज्ञान केंद्र हरदा द्वारा 5 दिवसीय रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण 27 से 31 दिसम्बर तक हरदा में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में ग्रामीण युवतियों को आंवला और अमरूद का प्रसंस्करण विषय पर विस्तृत रूप से सैद्धांतिक एंव प्रायोगिक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में केन्द्र प्रमुख डॉ संध्या मुरे ने प्रसंस्करण के सिद्धांत, गुणवत्ता नियंत्रण एंव परिरक्षण के दौरान स्वच्छता, भंडारण एंव पैकेजिंग पर विस्तृत जानकारी दी। केन्द्र की वैज्ञानिक जागृति बोरकर ने ग्रामीण युवतियों को आंवला के विभिन्न मूल्यसंवर्धित उत्पाद तैयार करना सिखाया, जिसमें आंवला कैन्डी, मिश्रित सब्जी आंवला कैन्डी, आंवला अचार, आंवला मुखवास, आंवला जूस, आंवला सुपारी, आंवला पाउडर, अमरूद का जेम और जैली शामिल है। इस दौरान उन्होने युवतियों से उत्पाद भी बनवाए। प्रशिक्षण में उत्पादों की लागत-लाभ गणना, स्थानीय बाजार में मांग, लेबलिंग और छोटे स्तर पर ईकाई स्थापना संबंधी जानकारी भी दी गई। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध आंवला और अमरूद फलों का वैज्ञानिक तरीके से उपयोग कर स्वरोजगार एंव आय सृजन के अवसर उपलब्ध कराना है।

### वर्ष में कुल 52 शनिवार और 52 रविवार को दफ्तरों में ताले लटके रहेंगे, अन्य छुट्टियां भी

# साल 2026 का अवकाश कैलेंडर जारी, 127 दिन बंद रहेंगे दफ्तर, गणेश चतुर्थी पर अब सार्वजनिक छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्य प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों के लिए राहत भरी खबर है। राज्य सरकार ने वर्ष 2026 का आधिकारिक अवकाश कैलेंडर जारी कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी इस अधिसूचना के अनुसार साल 2026 में सरकारी कर्मचारी कुल 127 दिन अवकाश पर रहेंगे, जबकि कार्यालयों में 238 दिन कामकाज होगा। इस कैलेंडर में शनिवार और रविवार की छुट्टियों के साथ.साथ त्योहारों की सूची भी स्पष्ट कर दी गई है।

नए कैलेंडर में सबसे महत्वपूर्ण बदलाव गणेश चतुर्थी को लेकर किया गया है। 14 सितंबर को पडने वाली गणेश चतुर्थी को अब सामान्य अवकाश यानी सार्वजनिक छुट्टी घोषित कर दिया गया है। इसके साथ ही साल भर में कुल सार्वजनिक छुट्टियों की संख्या बढक़र 23 हो गई है। इसके अतिरिक्त कर्मचारियों के लिए 62 ऐच्छिक अवकाश की सूची भी जारी की गई है, जिनमें से कर्मचारी अपनी पसंद के कोई भी तीन अवकाश ले सकेंगे।

#### फाइव-डे वर्किंग रहेगा बरकरार

कर्मचारियों के लिए एक और बड़ी खुशी की बात यह है कि सरकार ने फाइव-डे वर्किंग (सप्ताह में 5 दिन काम) के नियम को 2026 में भी जारी रखने का निर्णय लिया है। कोविड-19 महामारी के दौरान शुरू हुई यह व्यवस्था अब भी प्रभावी रहेगी। हालांकि बीते दिनों काम के घंटे बढ़ाने को लेकर चर्चाएं तेज थीं, लेकिन विभागों और कर्मचारी संगठनों के बीच सहमति न बनने के कारण फिलहाल कार्य समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। साल 2026 में कुल 52 शनिवार और 52 रविवार को दफ्तरों में ताले लटके रहेंगे। कैलेंडर के विश्लेषण से पता चलता है कि 2026 में कुछ प्रमुख त्योहार शनिवार या रविवार के दिन पड़ रहे हैं। इससे कर्मचारियों को मिलने वाले अतिरिक्त अवकाश का लाभ नहीं मिल पाएगा।

#### सार्वजनिक अवकाश

गणतंत्र दिवसः 26 जनवरी, होलीः 4 मार्च, गुड़ी पड़वा/चेतीचंडः 19 व 20 मार्च, रामनवमीः 26 मार्च, महावीर जयंतीः 31 मार्च, गुड फ्राइडेः 3 अप्रैल, अम्बेडकर जयंती/बैशाखीः 14 अप्रैल, परशुराम जयंतीः 20 अप्रैल, बुद्ध पूर्णिमाः 1 मई, ईद.उल.जुहाः 27 मई, महाराणा प्रताप जयंतीः 17 जून, मुहर्रमः 26 जून, मिलाद.उन.नबीः 26 अगस्त, श्रीकृष्ण जन्माष्टमीः 4 सितंबर, गांधी जयंतीः 2 अक्टूबर, विजयदशमी है।

### छात्राओं की सुरक्षा पर उठी आवाज ऑपरेशन मजनूं चलाने की मांग

**सीहोर।** शहर में बढ़ते परीक्षा सत्र के बीच छात्राओं की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई गई है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक सीहोर को एक ज्ञापन सौंपकर शहर में ऑपरेशन मजनू को तत्काल प्रभाव से शुरू करने की मांग की गई है। आवेदनकर्ता आशीष गहलोत ने बताया कि इन दिनों बड़ी संख्या में छात्राएँ सुबह से देर शाम तक कोचिंग संस्थानों और विद्यालयों में आ-जा रही हैं। इस दौरान कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा छींटाकशी, पीछा करने और मानसिक प्रताड़ना जैसी घटनाएँ सामने आ रही हैं, जिससे छात्राएँ डर और तनाव में रहती हैं तथा उनके पढ़ाई पर नकारात्मक असर पड़ रहा है।

एसपी दीपक कुमार शुक्ला को मंगलवार को सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई है कि शहर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, प्रमुख चौराहों और कोचिंग जोनों में सघन गश्त बढ़ाई जाए तथा ऑपरेशन मजनू को सख्ती के साथ लागू किया जाए। साथ ही छात्राओं को महिला हेल्पलाइन 1090, 112 और 181 की जानकारी देकर त्वरित सहायता सुनिश्चित करने की बात कही गई है।

गर्ल्स कॉलेज, महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज, पीजी कॉलेज, आदिवासी कन्या छात्रावास, इंग्लिशपुरा रोड, कोतवाली चौराहा, उत्कृष्ट स्कूल और महारानी लक्ष्मीबाई कन्याशाला सहित प्रमुख शिक्षण संस्थानों के आसपास नियमित निगरानी और कार्रवाई की विशेष जरूरत बताई गई है। इस अवसर पर ब्रजेश पटेल ईश्वर सिंह चौहान और विनीत गोयल उपस्थित थे।